**खबर संक्षेप**

## नई पारदर्शी व्यवस्था पर की गई चर्चा

**मैहर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री निवास समत्व से जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान किये गए कार्य,प्रस्तावित पौधारोपण अभियान की तैयारी और अन्तर्राज्यीय परिवहन चेक पोस्ट की नई पारदर्शी व्यवस्था पर जिलों के कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक सहित जिलाधिकारियों से वीसी के माध्यम से चर्चा की गई।मैहर के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य, सीईओ मैहर प्रतिपाल बागरी,सीईओ रामनगर मुन्नी लाल प्रजापति,नगर पालिका सीएमओ लालजी ताम्रकार उपस्थित रहे।

## नए कानून लागू होने पर चलाया जाएगा जागरुगता अभियान

**मैहर।** 1 जुलाई 2024 से लागू होगा नवीन आपराधिक अधिनयम 2023 भारतीय न्याय सहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम। 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे नए कानून बीएनएस को लेकर मैहर जिला पुलिस अलग-अलग थानों में आमजन को जागरूक करने हेतु होगा चलाया जाएगा जागरूकता अभियान। थाना कोतवाली मैहर परीसर में माननीय न्यायधीश,पुलिस अधीक्षक,मैहर जिला लोक अभियोजन अधिकारी,अधिवक्ता,पत्रकार,प्रबुद्धजन व वक्ताओं सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथिति में 1 जुलाई को समय 12 बजे आमजनो को नए कानून लागू होने पर थाना कोतवाली मैहर में जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को करेंगे जागरूक। आमजन जागरूकता अभियान में आवश्यक रूप शामिल होकर नए कानून को समझे।

## नि:शुल्क कोचिंग में प्रवेश पाने उमडी युवाओं की भीड़

**कटनी।** स्लीमनाबाद क्षेत्र के युवाओं के सपनों को पंख देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए यहां 16 जुलाई से शुरू होने जा रही भारत निर्माण कोचिंग की स्लीमनाबाद इकाई में प्रवेश लेने के लिए क्षेत्रीय युवाओं की भीड उमड पडी है। अब तक भारत निर्माण कोचिंग मे प्रवेश हेतु 230 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन फार्म प्राप्त किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर स्लीमनाबाद मे एक निजी कंपनी के सहयोग से यहां के होनहार और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू की गई है। भारत निर्माण कोचिंग में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ पासपोर्ट साईज के दो फोटो संलग्न करना अनिवार्य होगा। भारत निर्माण कोचिंग मे प्रवेश हेतु मप्र लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग, रेल्वे, बैंकिंग आदि एक दिवसीय परीक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम कक्षा 12वीं पास या उससे अधिक शैक्षणिक योग्यता के विद्यार्थी प्रवेश पा सकेंगे।

## घायल प्रधान आरक्षक की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए एसएफ बटालियन के प्रधान आरक्षक ललित राय की इलाज के दौरान भोपाल में मौत हो गई। इलाज के दौरान प्रधान आरक्षक की मौत होने के बाद जब उसकी पार्थिव देह कटनी पुलिस लाइन पहुंची तो एसपी अभिजीत कुमार रंजन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि कटनी पुलिस लाइन में पदस्थ सिल्लीगुड़ी निवासी एसएफ बटालियन के प्रधान आरक्षक ललित राय कुछ समय पूर्व सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इलाज के लिए कटनी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से बाद में उनका जबलपुर ले जाया गया। जबलपुर में भी जब उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ तब उन्हें डुमना विमानतल से पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा से भोपाल एयरलिफ्ट किया गया था।

# स्मार्ट सिटी के अफसर को सद्बुद्धि देने किया गया यज्ञ





**सतना।** स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर में कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के सही ढंग से न कराये जाने के कारण आमजन को हो रही परेशानियों के विरोध में युवाओं द्वारा प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। जिसके तहत सिटी कोतवाली के पास स्मार्ट सिटी के जिम्मेदार अधिकारियों,अभियंताओं को सद्बुद्धि देने भगवान से प्रार्थना की गयी और यज्ञ किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वर्षा प्रारंभ होने के बावजूद शहर की सड़कों पर सीवर लाइन बिछाने के दौरान खोदे गये बड़े-बड़े गड्ढों को ढंग से न भरे जाने के कारण आये दिन नगर के विभिन्न हिस्सों में बाइक,स्कूटर,आटो आदि पलट रहे हैं।कई चार पहिया वाहन खोदे हुये गड्ढों की गीली मिट्टी में धंस जा रहे हैं,जिससे आवागमन घंटों अवरुद्ध रहा आता है,साथ ही कई बार सड़कों पर फिसल कर वाहन चालक व अन्य सवार घायल हो जाते हैं। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक नगर निगम प्रशासन द्वारा ठेकेदारों को रेस्टोरेशन के लिये दो माह पूर्व निर्देशित किया जा चुका था,किन्तु धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यो के कारण आज तक किसी भी क्षेत्र में सीवर लाइन,अमृत जल योजना का कार्य पूरा नहीं हो सका है। जबकि शासन द्वारा इन परियोजनाओं पर बड़ी राशि खर्च की जा चुकी है। लोगों का कहना है कि विकास कार्य शहरवासियों की सुविधा के लिये कराये जाते हैं न कि असुविधा के लिये। पूर्व योजना बनाये बिना कार्य कराने से लोगों को असुविधा होना स्वाभाविक है। मौके पर उपस्थित कुछ युवाओं ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर की गयी तोडफ़ोड़ के दौरान टूटे विद्युत तारों से खंभों में फैल रहे करंट की ओर भी विद्युत वितरण कंपनी एवं प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है।

# भारत की शानदार जीत पर युवाओं ने मनाया जश्न



**सतना।** टी-20 वर्ल्ड कप में पूर्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीका पर भारत की टीम ने शानदार विजय दर्ज की। भारत की जीत पर समूचे देश के साथ सतना जिले के क्रिकेट प्रेमियों ने भी जश्न मनाया। जैसे ही बारवाडोस में भारत की टीम जीती,क्रिकेट प्रेमी रात में ही ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते हुए सड़क पर उतर आये। खूब पटाखे फोड़े गये,मिठाईयां बांटी गयी। लोग शनिवार को जब बारवाडोस में भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के बीच टी-20 क्रिकेट मैच चल रहा था,तब शहर सहित समूचे जिले में क्रिकेट प्रेमी या तो टीवी से चिपककर ओवर की हर बॉल को और हर शॉट को ध्यान से देख रहे थे। वहीं भारतीय खिलाडिय़ों द्वारा 6-4 रन ठोकें जाने पर खुशी से थिरकते देखे गये। जैसे ही अफ्रीका की टीम पूरे 20 ओवर खेलने के बाद भी भारत से 7 रनों से हार गयी। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट पर 176 रन बनाये थे,जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने 8 विकेट पर मात्र 169 बना सकी।आज ही क्रिकेट प्रेमियों ने भारत की इस शानदार जीत पर जश्न मनाते हुये एक-दूसरे को गले लगकर बधाईयां दी।

## सड़े गेहूं का ठीकरा किसके सर फोड़ेगा जिला प्रशासन: रामनिवास



**मैहर।** कांग्रेस नेता रामनिवास उरमलिया ने कहा कि मैहर जिले का प्रशासन अपने सारे करतब लगाकर जिस तरह से एक भ्रष्टाचारी के भ्रष्टाचार में पर्दा डालने की नापाक कोशिश कर रहा है जिस समय सरकार के समक्ष इस कारनामे का पुलिंदा खुलेगा उस दौरान बचाने की जद्दोजहद करने वाले क्या करेंगे ये बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि जिस सड़े हुए दुर्गंध युक्त गेंहू को तत्काल प्रभाव से वेदिका बेयर हाउस से निकाला जाना चाहिए था उसकी सरकार के नुमाइंदे छान बीन करा रहे हैं फिर चुपके से खरीद कर गरीबों के बीच बांटकर बीमारियां फैलाने का कार्य करेंगे। जिस गेंहू की स्थित देखने मात्र से प्रतीत होता है कि गेहूं की गुणवत्ता खत्म हो चुकी है डीएम नान आकर सर्वे कर चुके है सर्वेयर अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट लिख रहा है कि गेहूं खराब है गुणवत्ता विहीन है फिर उसे बचाने में जिला प्रशासन अपनी जद्दोजहद क्यों कर रहा है समझ से परे है। आखिर जिम्मेवारो का जनार्दन शुक्ला के इस गेंहू को बचाने में क्या स्वार्थ है ये तो जिम्मेवार ही बता सकते हैं। श्री उरमलिया ने कहा कि प्रशासन कुछ भी करे लेकिन जिस दिन ये सारा खेल शासन की पटल पर आंदोलन के माध्यम से रखा जाएगा उस समय सबकी हकीकत सामने आ जायेगी। एक तरफ भाजपा की सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है दूसरी तरफ उनका तंत्र भ्रष्टाचारियों को खुला संरक्षण देकर अभयदान दे रहा है। जनार्दन शुक्ला वर्षो से तमाम तरह के भ्रष्टाचार प्रशासन के नाक के नीचे कर लोगों के हकों में डाका डाल रहा है और तंत्र मौन बैठा है तो रहा आये हम तो अब सड़को में उतर कर विरोध जता सरकार को जगाने का कार्य करेंगे। पंडित रामनिवास उरमलिया ने कहा कि इस सड़े अमानक गेंहू को गरीबों का निवाला नही बनने देंगे। प्रशासन को कार्यवाही करनी पड़ेगी जनार्दन के कारनकामो को सबक सिखाना पड़ेगा।

# मछली पालन के तालाब को लील गए अतिक्रमणकारी



**मैहर।** नगर में इन दिनों कब्जाधारियों के हौसले बुलंदी पर है। कारण यह है कि पूर्व में मछली पालन विभाग मध्य प्रदेश शासन के नाम आवंटित तलैया के खसरा क्रमांक 1001 जो कि मेढ़ पर भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमा रखा है और अतिक्रमणकारियों को रोकने का जिम्मा नगर पालिका परिषद का अतिक्रमण उड़नदस्ता में जिम्मेदार अधिकारी जानते हुए भी उन्होने मेढ़ पर सीसी सड़क का निर्माण क्यों कराया एवं तलैया के अंदर हो रहे बेजा कब्जाधारियों को प्रधानमंत्री आवास की किस्ते कैसे आंवटित हो गई। सवाल यह उठता है कि अतिक्रमणकारियों ने पूरी तरह मछली पालन विभाग तलैया को चारों दिशाओं से पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में ले रखा है। यहां तक कि सिंधी समाज के द्वारा भी धर्मशाला के नाम पर 60 बाई 100 में पहले तो टीन शेड लगाकर एंव बाउंड्री अस्थाई रूप से बनाकर कब्जा करने का खेल चला गया। और फिर बाद में उसे पक्का सीमेंट और ईट छड़ों के माध्यम से पूरी तरह कब्जा जमा लिया है और उससे और बढ़ाकर टीन शेड लगा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। इतना हीं नहीं स्कूल की बाउंड्री से लगा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आरके सिंह का भी प्लाट पड़ा हुआ है जिसमें उसी से जुड़े शासकीय भूखण्ड को हड़प लिया गया यहां तक वहां से निकलने वाली सीसी रोड को भी आवागमन से पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। सवाल यह उठता है कि मछली पालन विभाग में पदस्थ रहे जो मेढ़ पर ही मछली पालन का कार्यालय था जहां पर लंबी चौड़ी दुकान बनाकर शटर लगाकर लाखों रुपयों की उन अवैध दुकानों को ब्रिक्री करने की फिराक में है। जिले की सौगात मिलने के पश्चात उम्मीद थी कि मैहर में जिन अवैध कब्जाधारियों एंव भूमाफियों की नजरें शहर के तालाबों को पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में लेकर उन्हें अवैध रूप से बिक्री का सिलसिला जो चल रहा है वह किसी से छिपा नहीं है। सवाल यह उठता है कि आखिरकार सीएमराइज स्कूल का निर्माण तलैया के बगल में ही हो रहा है। जबकि विद्यालय प्रबंधन की मांग के अनुसार उक्त तलैया का सीमांकन भी कराया गया और पंचनामा रिपोर्ट के आधार पर तलैया का आधा हिस्सा सीएम राइज स्कूल को बनाने के लिए दे दिया गया है। सोचनीय विषय है कि जब सीएम राइज स्कूल को मछली विभाग से हटाकर उक्त भूखण्ड दिया गया तो मध्य प्रदेश शासन को चाहिए कि पूरी तलैया को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए पूरा भूखण्ड सीएम राइज को ही दे दिया जाना चाहिए। उक्त तलैया पर हुए बेजा अतिक्रमण पर प्रशासन की नजर न हो ऐसा सवाल ही नहीं है। क्योंकि पूर्व में मैहर एसडीएम तन्वी हुड्डा ने भी उक्त तलैया के अतिक्रमण से मुक्ति कराकर वहां पर पटाई का काम किया जा रहा था लेकिन कौन सा निर्माण होना था वह मामला अधर में लटक गया। जब कि पंचनामा के मुताबिक उक्त भूखण्ड पर शासकीय बाउंड्री वॉल का निर्माण पुरानी बाउंड्री वॉल से जोड़ते हुए किया जाना था लेकिन संबंधित ठेकेदार के द्वारा किसी निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से उक्त बाउंड्री वॉल का निर्माण अलग से किया जाना समझ से परे है। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी से मोबाइल में संपर्क किया गया तो उन्होंने तीर्थ यात्रा में बाहर होने की बात कहते हुए कहा कि मैं विद्यालय आकर उक्त निर्माण कार्य का सही ढंग से क्रियान्वयन करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने हो रहे निर्माण कार्य की दिशा में अनभिज्ञता जताई। वर्तमान में जिले की कलेक्टर रानी बाटड से भी स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि मछली पालन विभाग के द्वारा जो तलैया थी वहां पर कई दर्जनों लोगों ने अवैध कब्जा जमा रखा है जिसमें नगर पालिका कर्मचारी भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर उसी तलैया के भीतर माकान बनाए हुए है। सिंधी धर्मशाला के अलावा वहां पर निर्मित दुकानें एवं आवासों के द्वारा किए गए अतिक्रमण के खिलाफ शासन को एक मुहिम चलाकर उक्त भूखण्ड को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जाना चाहिए।

## बार्डर को तत्काल बंद करने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा



**सतना।** सतना मोटर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से शिष्टाचार मुलाकात कर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर संस्था की ओर से ढेर सारी बधाइयां दी गई एवं परिवहन जगत की मुख्य समस्या बार्डरो को खत्म करने ज्ञापन सौंपा गया। बताया गया कि पूर्व में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्ली एवं प्रशासन के मध्य हुई वार्तालाप में बार्डरो को तत्काल बंद करने का आश्वासन दिया गया था परंतु अभी तक संभव नहीं हो पाया है। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला द्वारा आश्वासन दिया गया है की हम तत्काल कार्यवाही कर बार्डरो को समाप्त करेंगे। इस अवसर पर संस्था महामंत्री अभिषेक जैन,कार्यालय प्रभारी प्रवीण मित्तल,कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र त्रिपाठी एवं राम अवतार त्रिपाठी मौजूद रहे।

## अभ्यर्थी 4 जुलाई तक प्रस्तुत करें निर्वाचन व्यय लेखा लेखा समाधान की बैठक संपन्न

**सतना।** लोकसभा निवार्चन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र क्रमांक 9 से चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिवस के अंदर निर्वाचन पर हुये व्यय का सार विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय सतना को उपलब्ध कराना होगा। इस संबंध में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक स्पेंसर एम मिल्लियम की उपस्थिति में लेखा समाधान की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं को अंतिम व्यय लेखा संधारण कर समय-सीमा में जमा करने को कहा गया। व्यय प्रेक्षक श्री मिल्लियम ने कहा कि सभी अभ्यर्थी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुये अपना-अपना व्यय लेखा निर्धारित प्रपत्रों को भरकर मूल प्रतियों के साथ निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायें। इसमें अगर किसी भी प्रकार समस्या आती है तो इसके लिये कलेक्ट्रेट सतना के द्वितीय तल में लेखा समाधान की टीम 4 जुलाई तक बैठेगी। जो अभ्यर्थियों के व्यय लेखा की जांच कर अंतिम लेखा जमा करेगी। बैठक में नोडल व्यय प्रकोष्ठ एवं सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े,जिला समन्वयक अखिलेश पाठक,व्यय लेखा से बद्री दहायत एवं अभ्यर्थी और उनके निर्वाचक अभिकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं द्वारा व्यय लेखा प्रस्तुत करने के संबंध में प्रश्न भी किये गये,जिसका व्यय प्रेक्षक द्वारा समुचित समाधान किया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के अनुसार निर्वाचन परिणाम घोषित होने के 30वें दिन तक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा जमा किया जाना अनिवार्य है। सतना संसदीय क्षेत्र के लिये चुनाव लड़ने वाले 19 अभ्यर्थियों में से अभी तक एक अभ्यर्थी चंद्रभान कोल द्वारा 13 हजार 800 रुपये के खर्च का ब्यौरा दिया गया है।

## जिले में अब तक 89.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 30 जून तक 89.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 196.2 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 92.2 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 56.8 मि.मी, बिरसिंहपुर में 73 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 25 मि.मी., नागौद में 126.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 39 मि.मी. एवं उचेहरा में 109 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1039.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 78.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

## राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। सचिव,राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण,सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण 2 जुलाई 2024 तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्ति-युक्तिकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 जुलाई तक दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया नियमानुसार निर्धारित समय में पूरी करने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए हैं।

## विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

**सतना।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 को उच्चतम न्यायालय में "विशेष लोक अदालत" का आयोजन किया जा रहा है। सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना ने बताया कि जिन पक्षकारों द्वारा प्रकरण में सहमति दी जा रही है उनके प्रकरण उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक आयोजित हो रही लोक अदालत में सुनवाई की जायेगी।विशेष लोक अदालत में जिन व्यक्तियों के मामले सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया नई दिल्ली में विचाराधीन है,ऐसे राजीनामा योग्य प्रकरणों में आपसी सहमति के आधार पर राजीनामा कर सकते है। पक्षकार अपने विवादों के अंतिम समाधान पर पहुंचने के लिये भौतिक या ऑनलाईन मंच पर उपस्थित हो सकते हैं। विशेष लोक अदालत के संबंध में जानकारी कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के दूरभाष क्रमांक 07672-299063 पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)**

क्रमांक/ /प्रवा./अपर कले./24 सतना, दिनांक 19.6.2024

**// सार्वजनिक सूचना //**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजेन्द्र कुमार बहेल पिता श्री बाबूलाल बहेल (अविवाहित), उम्र-25वर्ष (08.03.1999) निवासी-बंगाली ऑटो वाले के पास, कृष्णनगर वार्ड नम्बर 23 थाना-कोलगवां, तहसील-रघुराजगनर, जिला-सतना (म.प्र.) 485001 एवं आवेदिका नीलम डागौर पिता श्री दिलीप डागौर (अविवाहित, उम्र-21वर्ष, (18/07/2003) निवासी-हवाई पट्टी आदर्श नगर वार्ड नम्बर-41, थाना-कोलगवां, तहसील-रघुराजगनर, जिला-सतना (म.प्र.) 485001 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 18.06.2024 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरूद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप से इस न्यायालय में दिनांक 22.07.2024 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन मुद्रा से जारी किया गया है।

**अपर कलेक्टर**
एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सतना (म.प्र.)

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
मैहर जिले में ब्यूरो कार्यालय देना है
इच्छुक व्यक्ति सुरक्षानिधि के साथ संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई जबलपुर
मोबा- 9340637789
9479623424

## खबर संक्षेप

### सांसद बी.डी. शर्मा व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों ने सुनी बात



**पन्ना।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम जहां पन्ना नगर मण्डल के वार्ड नम्बर 25 कुंजवन में बूथ क्रमांक 211 पर कार्यक्रम आयोजित था। जिसमें प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा व पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डे, नगर मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा आदि सभी की उपस्थिति में वार्डवासियों ने जहां पी.एम. मोदी जी के मन की बात का सीधा प्रसारण एल.ई.डी. के माध्यम से सुना। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेतागणों की उपस्थिति वहीं वार्डवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। पी.एम. मोदी जी के मन की बात को लेकर लोगों में उत्सुकता को लेकर यह कार्यक्रम अपने आप में जहां संदेश दे रहा था।

### प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**पवई।** नगर के जाने-माने संस्थान मै हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ष्द आर्ट ऑफ स्पीच कार्यक्रमष मनाया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अपने भाषण कौशल का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान जैनिश फिजा अख्तर, द्वितीय स्थान प्रियंका तिवारी, तृतीय स्थान अवनी मिश्रा ने प्राप्त किया और कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि ने इंग्लिश के महत्व के बारे में बताया और कहा की इंग्लिश सारे विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है मुहम्मद अजीज खान (एच. एम प्रोग्रेस मिडिल अकैडमी पवई ) ने बताया की ऐसे कार्यक्रम में बड़ चढ़कर हिस्सा ले और अपने कौशल को निखारे और उन्होने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला वही डॉ. धनराज सिंह भदौरिया ने बताया की पढ़ाई के साथ साथ हेल्थ में भी ध्यान दे क्योकी ष्हेल्थ इज वेल्थष ष्संस्थान संचालकष मुहम्मद आसिफ खान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए उन्हें जीवन में आई हुई कठिनाइयों से संघर्ष करते हुए उनसे निपटने के लिए प्रेरित किया और बताया कि हुनर सबके अंदर होता है किसी का छप जाता है तो किसी का छिप जाता है हर इंसान दुनिया में अद्वितीय है इसी के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहे तरुण अग्रवाल, आर्यन सोनी, शुभी सक्सेना जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को एक नई दिशा देते हैं और कार्यक्रम के अंत में बहन अनामिका राजा बुंदेला और नंदिनी ताम्रकार ने सायरी के माध्यम से कार्यक्रम का समापन किया।

### जिला शिक्षा अधिकारी का दायित्व डाईट प्राचार्य को सौंपा गया

**पन्ना।** जिला शिक्षा अधिकारी



सूर्यभूषण मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में राज्य शासन से पदस्थ होने तक प्रशासनिक कार्य की सुविधा की दृष्टि से रवि प्रकाश खरे प्राचार्य जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान पन्ना को अपने कार्य के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना के पद पर अतिरिक्त प्रभार के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार द्वारा सौंपा गया है। इस तरह से जहां प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में रवि प्रकाश खरे जिनका नाम स्वयं ही अपनी पहचान को लेकर चमक रहा इनकी कार्यप्रणाली को लेकर शिक्षा विभाग में बतौर जिले के मुखिया के रूप में कुछ ही समय सही पर निश्चितौर पर इनकी कार्यप्रणाली को लेकर जहां सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता के साथ जिले की भविष्य को तरासने के लिए जाना जायेगा।

# एक वृक्ष मां के नाम

## नेता जी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास कुंजवन में छात्राओं के साथ मिलकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने किया वृक्षारोपण







**पन्ना।**

पी.एम. मोदी की सोच जहां मां के नाम धरती मां को एक वृक्ष के रूप में वृक्षारोपण करके आने वाले समय को खुशहाली के लिए वृक्ष के रूप में देश में जहां करोड़ों लोग मां की आस्था, प्रेम तथा वृक्षारोपण करके उसे वृक्ष के रूप में सेवा भाव के साथ देश के लिए जीवन रूपी आक्सीजन वायु देने वाले वृक्षों की करोड़ों के रूप में सौगात जानी जायेगी। पन्ना नगर में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास कुंजवन में खजुराहो सांसद प्रदेशाध्यक्ष भाजपा बी.डी. शर्मा ने बालिकाओं के साथ वृक्षारोपण करके दिया संदेश।

वर्तमान में सोच से ही भावी पीढ़ी को दिशा देने के लिए वहीं करोड़ों देशवासियों को मां के नाम एक वृक्ष लगाने की सोच जो देश के प्रधानमंत्री की सामने आई है। जिसके चलते प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा ने पन्ना नगर के सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास कुंजवन में स्वयं जहां नीम का पौधा रोपित कर वृक्षारोपण तो किया ही वहीं वालिकाओं के साथ पौधे लगाकर मां के नाम एक वृक्ष का संदेश वास्तविकता में देश के लिए मां की आस्था से जुड़कर जहां पौधे को वृक्ष के रूप में सेवाभाव के साथ धरती मां के लिए जाना जायेगा। वह पौधा जो धरती मां में वृक्ष बनकर देशवासियों के लिए प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करेगा जो खुशहाली के जीवन में यह संदेश प्रेरणादायी है जिससे करोडों देशवासियों के द्वारा वृक्षारोपण एक वृक्ष मां के नाम लगाने के लिए जो यह भाव स्वयं से विकसित होगा वह आने वाले समय में जहां खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रदेशाध्यक्ष भाजपा बी.डी. शर्मा के साथ इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सतानंद गौतम वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पाण्डेय, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भास्कर पाण्डेय तथा नगर मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, पार्षद महेन्द्र यादव तथा महिला पार्षद कुंजवन वहीं पूर्व नपाध्यक्ष पन्ना शारदा पाठक, मनोज कुमार गुप्ता भाजपा नेता वहीं नपा सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले, डीपीसी अजय कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। साथ ही काफी संख्या में भाजपा नेतागणों की उपस्थिति रही इस तरह से जहां एक वृक्ष मां के नाम पी.एम. मोदी की सोच के तहत सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास कुंजवन वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## एक क्विंटल 7 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 21 लाख 50 हजार रूपये जब्त करने की कार्यवाही की सफलता पन्ना पुलिस के हाथ लगी





### 2 आरोपियों सहित 1 विधि विरूतद्ध बालिका पर की गई कार्यवाही

विगत 08 माह मे पन्ना पुलिस द्वारा गाँजा तस्करो के विरुद्ध कुल 31 प्रकरण दर्ज कर 66 व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 07 क्विंटल 45 कि.ग्रा. गाँजा कीमती करीब 01 करोङ 50 लाख रूपए का किया गया जप्त। वहीं जिले में किस तरह से अवैध तरीके से मादक पदार्थ को व्यवसाय की तर्ज में लाभ अर्जित करने को लेकर समाज में नशे का कार्य करने को लेकर प्रयास किये जा रहे है। जिस पर पन्ना पुलिस पुलिस अधीक्षक साईकृष्ण एस. थोटा के मार्गदर्शन पर जहां अपराधियों के मंसूबों पर पानी फेर रही है। वहीं सतत कार्यवाहियों से जहां लोगों पर कार्यवाही के साथ उन्हें सलाखों के पीछे भेजने के लिए पुलिस की कार्यवाही चर्चा थाना शाहनगर पुलिस की कार्यवाही।

पन्ना। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर में चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले में मादक पदार्थ की खेती, भण्डारण, परिवहन एवं बिक्री करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी शाहनगर को दिनाँक- 28/06/2024 को मुखविर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुपना में बहेलियों के एक घर में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बेचने के उद्देश्य से छिपा कर रखा हुआ है, थाना प्रभारी शाहनगर के द्वारा उक्त मुखबिर सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन मे अनुभाग स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम बिना देरी किए तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुची जहाँ पुलिस टीम को देखकर दो व्यक्ति एवं एक बालिका भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें हमराह स्टाफ एवं गवाहों की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया और नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम निरजेश, किरकन बहेलिया एवं एक विधिविरूध्द बालिका होना बताया गया। आरोपियों के घर की तलाशी लेने पर आरोपियों के घर से 03 प्लास्टिक की बोरियों मे कुल अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) 107 किलो 500 ग्राम कुल कीमती करीबन 21 लाख 50 हजार रूपये का होना पाया गया जिसे जप्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गाँजा के संबध मे पूछताछ किए जाने पर आरोपियों के द्वारा बताया गया कि उक्त गाँजा उडीसा से 02 अन्य व्यक्तियों के साथ सस्ते दामो मे बिक्रय हेतु लाया गया है। आरोपियों के विरूध्द थाना शाहनगर मे अपराध क्रमांक 208/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. का कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. निरजेश पिता क्रमताल बहेलिया उम्र 20 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर जिला पन्ना
2. किरकन बहेलिया पिता राजकुमार बहेलिया उम्र 24 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर जिला पन्ना
3. एक विधिविरूध्द बालिका हाल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर जिला पन्ना

**फरार आरोपी**

01. रखरू पिता नुक्ति उम्र 25 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर
02. नजर बाई पति संहिसा उम्र 23 साल निवासी कुपनाघाट थाना शाहनगर

**जप्त सामग्री**

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 03 प्लास्टिक की बोरियों मे कुल अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) 107 किलो 500 ग्राम कुल कीमती करीबन 21 लाख 50 हजार रूपये का जप्त किया गया ।

**सराहनीय योगदान**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई सौरभ रत्नाकर, थाना प्रभारी शाहनगर निरी. रजनी शुक्ला, सायबर सेल प्रभारी उनि0 अनिल सिहं, थाना प्रभारी पवई सुयश पाण्डेय, थाना प्रभारी रैपुरा उनि0 मनोज यादव, थाना शाहनगर से उनि0 संतोष मशराम, सउनि0 अवधराज उईके. प्र0आर0 ईदुल बक्श, आर0 दिनेश,रविन्द्र, सायबर सेल टीम एवं अनुभाग पवई की टीम का सराहनीय योगदान रहा, जिसे 30 हजार रूपए के ईनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## जिले में शाला त्यागी बच्चों की संख्या 652 शालाओं की 6418 - डीपीसी अजय कुमार गुप्ता

**पन्ना।**

शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान-2024-25 प्रथम चरण अन्तर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम दिनाक 18, 19 एवं 20 जून 2024 को आयोजित किया गया. तथा शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित बच्चों के लिए विशिष्ट सर्व करके सभी शत प्रतिशत बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश देकर शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में सत्र 2020-21 की तुलना में सत्र 2023-24 में विद्यामयों में अध्ययनरत बच्चो का विश्लेषण इस प्रकार है- 29 जून 2024 की स्थिति में यूडाईस प्लस पोर्टल पर जिले के संपूर्ण बच्चों का सर्वे डाटा वो अनुसार 19655 बच्चे जो ड्राप बॉक्स में है। उनमें से 51 बच्चों की मृत्यू हो चुके है। 197 वच्चे कक्षा 12 वी पारा हो चुके है, 5290 बच्चे विकासखण्ड, जिला एवं राज्य से बाहर पलायन पर चले गये है. जिनमें से 4271 बच्चे सरथाओं से टीसी लेकर गये है जो कि किसी अन्य संस्थाओं में अध्ययनरत हो सकते है। पलायन में से केवल 1019 बच्चे ऐसे है जो संस्थाओ से टीसी लेकर मही गये है इसलिए इनके अन्यन्त्र अध्यनरत होने में भ्रम की स्थिति है। जिले में 652 शालाओ के ड्राप आउट (शाला त्यागी) मे बच्चो की संख्या मात्र 6418 है। जिनकी प्रत्येक शालावार सूची लेकर इन बच्चों के अभिभावकों से शिक्षक घर घर संपर्क करके अभिभावको को दरित करके बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए तैयार करके प्रवेश दिला रहे हैं। विस्तार न्यूज चौनल में प्रकाशित खबर में 6418 के स्थान पर जो 19000 बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से बाहर बताये गये है उसमे जिला शिक्षा केन्द्र के द्वारा बताये गये उपरोक्तानुसार ऑकडो को प्रकाशित नहीं किया। गया है। तथा यह भी प्रकाशित किया गया है कि इनमे से अधिकतर बच्चे प्राइमरी स्कूल के है। परतु 6418 ड्राप आउट पच्चों में से 2593 हाईस्कूल एवं हायर सेकेडरी विद्यालयो के तथा 2579 प्रथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को विवार है। 1246 गच्चे निजी विद्यालयो के हैं। न्यूज चौनल द्वारा शायद न्यूज का समय कम करने के कारण सभी आंकड़ो को प्रकाशित नहीं किया गया जिला शिक्षा केन्द्र इसका खण्डन करते हुए पोर्टल पर उपलब्ध सभी ऑकडे प्रकाशित करने की अपेक्षा करता है। तथा जिल के समस्त अभिभावको से विनम्न अपील है कि आपके जो भी बच्चे विद्यालयों में प्रवेशरत नहीं है उन्हे विद्यालय में प्रवेश दिलायें तथा उन्हे नियमित रूप से विद्यालय भेजें। पलायन करने वाले परिवारों के लिए जिले में एक बारह मासी 50 सीटर पलायन छात्रावास भी खोला जा रहा है। ऐसे परिवार इन बच्चो को इस धावापास में प्रवेश दिलाकर पलायन पर जा सकते है। ऐसे बच्चों की आवासीय शिक्षा की संपूर्ण निःशुल्क व्यवस्था शासन द्वारा की जा रही है।



## गड़ोखर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की लिख रही इबारत
### मनरेगा योजना बनी सरपंच सचिव को वरदान अमानगंज

**अमान गज ।** शमीपस्त ग्राम पंचायत गढोखर में इन दिनों भ्रष्टाचार चरम पर दिखाई दे रहा है मनरेगा योजना केंद्र सरकार की वह योजना है जिसमें गरीब परिवारों को ग्राम स्तर पर रोजगार प्राप्त हो सके परंतु मनरेगा योजना अध्यक्ष सरपंच के लिए कमाई का साधन बनी हुई है ग्राम के गरीब परिवार रोजी-रोटी की चाहत में बाहर पलायन करने को मजबूर दिखाई देते हैं ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है अमानगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत गड़ोखर में जहां मनरेगा योजना के अंतर्गत किया जा रहा है जिसमें सबसे घटिया स्तर का पत्थर उपयोग हो रहा है परंतु कमीशन की चाहत में जनपद गुनौर के भ्रष्ट्र अधिकारी एवं उपयंत्री अपनी जेब गर्म करने में लगे हुए में लगे हुए। देखने की बात तो यह है कि घटिया स्तर का पत्थर फसल सुरक्षा दीवार में उपयोग किया जा रहा है परंतु भ्रष्टाचार में अंधे अधिकारी की नजर इस तरफ नहीं पड़ी है जनपद गुनौर में मनरेगा भ्रष्टाचार चरम पर फैला हुआ है जहां गरीबों के अधिकारों का हनन हो रहा है एवं शासन की राशि का खुलेआम बंदर बाट किया जा रहा है जिला पंचायत सीईओ महोदय को अमानगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत का निरीक्षण अवश्य करना चाहिए।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से गाय की मौत



**अमानगज ।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हनुमतपुरा द्वारी में आज शाम करीब 4:30 बजे विद्युत करंट लग जाने से एक गाय की मौत हो जाने की घटना प्रकाश में आई है घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि फरियादी नारायण कुमार पिता गोटी राम पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी हनुमतपुरा ने बताया कि इसकी गाय गांव के आम के बगीचे में चर रही थी श्याम करीब 4:30 बजे वहां लगी विद्युत डीपी में विद्युत करंट निकला जिसकी चपेट में गई और उसकी मौके पर मौत हो गई गाय ज्ञाबन थी जो कुछ दिनों दि बाद बच्चा देने वाली थी उसकी कुल कीमत 15 हजार रुपए थी फरियादी के अनुसार इस डीपी से कई बार विद्युत करंट निकला है और ग्राम वासियों ने इसकी जानकारी और शिकायत विद्युत विभाग अमानगंज को दी है परंतु उसमें कोई सुधारक अब तक नहीं किया गया जो आज घटना की वजह बनी

## दिशा मैदान से वापस लौटे वृद्ध को बाइक चालक ने ठोका



**अमान गज ।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज कमताना सड़क मार्ग पर हिनौती झगरा तिराहे पर हिनौती गांव का 65 वर्षीय वृद्ध दिशा मैदान से घर की ओर वापस आ रहा था कभी पीछे से एक बाइक चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए तेज रफ्तार से उसे गाड़ी मार दी और वह जमीन पर सीधे मुह जा गिरा इस घटना में उसके चेहरे और नाक पर गंभीर चोट आ गई मोके पर उपस्थित रहे ग्रामीणों ने घायल वृद्ध को तत्काल अमानगंज अस्पताल इलाज हेतु दाखिल कराया जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई प्राथमिक उपचार के बाद घायल हाकम सिंह पिता रामदास राजपूत को बाहर ले जाने की सलाह दी गई

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो लोकसभा के गुन्नौर और पवई विधानसभा के मतदाता एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को किया संबोधित





### प्रधानमंत्री जी की गरीब कल्याण की योजनाओं ने तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत दिलाया
### कांग्रेस ने समाज को जाति के आधार पर बांटकर देश में विष घोलने का कार्य किया
### बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण भूमिका, हर क्षेत्र का होगा विकास- विष्णुदत्त शर्मा

**पन्ना।**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को खजुराहो लोकसभा के गुन्नौर और पवई विधानसभा के मतदाता और कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गरीब कल्याण की योजनाओं ने भाजपा को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से लोकसभा चुनाव में विजय दिलाई है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जाति के आधार पर लोगों को बांटकर देश में विष घोलने का कार्य किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने पन्ना जिले के ग्राम बराछ और बिलघाड़ी पहुंचकर मतदाताओं को सम्मानित किया और भाजपा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व मेहनत से भाजपा को यह ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की उपलब्धियों और देश की जनता का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति अटूट विश्वास से तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत मिला है।

### 60 साल बाद फिर बना लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देश की आजादी के बाद श्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले गैर कांग्रेसी पहले राजनेता हैं। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री जी के प्रति देश की जनता के अटूट विश्वास, प्रेम और आशीर्वाद से ही संभव हो सकी है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण के लिए पिछले दस वर्षों में देश के अंदर जो कार्य किया है व मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य किए हैं उसकी वजह से मध्यप्रदेश में भाजपा ने सभी 29 लोकसभा सीटें जीतकर एक नया इतिहास बनाया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा ने मध्यप्रदेश में सभी सीटें जीतने का जो इतिहास बनाया है, इसके पीछे भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, लगन व परिश्रम है। भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर घर-घर संपर्क किया और भाजपा सरकार की उपलब्धियां जनता को बताईं, इसी का परिणाम है लोकसभा में भाजपा को ऐतिहासिक बहुमत मिला है।

### लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने विष घोलने का काम किया, जनता कभी माफ नहीं करेगी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी करारी हार को देखते हुए चुनाव अभियान शुरू होने से पहले ही मध्यप्रदेश सहित देशभर में कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं ने देश की जनता को जातियों में बांटकर समाज में विष घोलने का कार्य किया है। कांग्रेस हमेशा से छल-कपट की राजनीति करती आई है। इस लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने झूठ बोला कि भाजपा को 400 सीटों पर विजय मिल जाएगी तो भाजपा सरकार संविधान बदल देगी। लोगों को जातियों में बांटकर समाज में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी ने विष घोलने का कार्य किया है, जिसे सभ्य समाज कभी स्वीकार नहीं करेगा। देश की जनता कांग्रेस को इस कृत्य के लिए कभी माफ नहीं करेगी। मध्यप्रदेश की जनता ने कांग्रेस की इस षड्यंत्रकारी राजनीति को नहीं चलने दिया और प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई है।

### बूथ जीतने के संकल्प से प्रदेश में बना इतिहास

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपना बूथ सबसे मजबूत और बूथ जीतने के संकल्प को लेकर कार्य किया है, जिसका परिणाम है कि प्रदेश की 29 सीटों पर पार्टी को प्रचण्ड विजय मिली है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ पर पार्टी प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ा है और आज यह ऐतिहासिक दिन आया है। हर बूथ पर कार्यकर्ताओं ने जो अथक मेहनत व परिश्रम से पार्टी को विजय दिलाई है, उसकी आज देशभर में प्रशंसा हो रही है। मध्यप्रदेश की जनता का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर इतना विश्वास ही है कि किसी भी अन्य पार्टी को कोई मौका नहीं दिया। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा पर कार्य करती है। आप सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का मैं एक बार फिर हृदय से आभार प्रकट करता हूं और अभिनंदन करता हूं। भाजपा के हर कार्यकर्ता का पूरा सम्मान रखा जाएगा और खजुराहो लोकसभा सहित समूचे मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा। विधायक राजेश वर्मा, प्रहलाद लोधी, जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश चतुर्वेदी, सतानंद गौतम, रामबिहारी चौरसिया, आशीष तिवारी दुर्गेश शिवहरे, सुशील त्रिपाठी,मलखान सिंह, ललित गुप्ता पूर्व विधायक गौरेलाल अहिरवार, फुंदर चौधरी, शिवदयाल बागरी सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## खबर संक्षेप

### चोरी के संदेह में महिला के साथ मारपीट, वायरल हुआ वीडियो



**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना अंतर्गत छत्रसाल चौराहे पर पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर बने यात्री प्रतीक्षालय में एक महिला के साथ युवक द्वारा लाठी-डंडे और जूते-चप्पल से मारपीट की गई, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया गया है कि चोरी के संदेह में महिला के साथ मारपीट की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्रसाल चौराहे पर पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर बने यात्री प्रतीक्षालय में एक युवक बैठा था, तभी उसकी जेब से 200 रुपए और मोबाइल चोरी हो गया, जिसके बाद युवक ने पास में घूम रही महिला को चोरी के संदेह में पकड़ लिया। पूछताछ में महिला ने 200 रुपए चुराने की बात स्वीकार की लेकिन महिला का कहना था कि मोबाइल उसके पास नहीं है। इसके बाद गुस्से में आकर युवक ने महिला को पीटना शुरु कर दिया। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बना लिया था, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि पीड़ित महिला का कहना है कि मोबाइल उसके पास नहीं है। इस मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि अभी तक मारपीट की शिकायत किसी ने भी थाने में दर्ज नहीं कराई है, शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### नशेड़ी युवकों ने नाबालिग लड़के को पीटा



**छतरपुर**। गत सप्ताह कोतवाली थाना क्षेत्र में कुछ अपराधियों द्वारा एक युवक के साथ की गई तालिबानी मारपीट का मामला अभी शांत ही हुआ था कि एक बार फिर कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़के को असमाजिक तत्वों द्वारा पीटे जाने की घटना सामने आई है। ताजा मामले का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 4 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।पीड़ित किशोर ने बताया कि वह शहर की हनुमान टौरिया के पीछे रहता है। शनिवार की शाम को किसी काम से बाजार गया था इसी दौरान रात करीब साढ़े 8 बजे हटवारा के समीप नशे में धुत्त करीब आधा दर्जन युवकों ने उसे रोक लिया और पैसे मांगने लगे। जब किशोर ने पैसे देने से मना किया तो उक्त युवकों ने मिलकर मारपीट शुरु कर दी, वहीं कुछ आरोपी अपने मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। यह पूरी घटना पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं पीड़ित किशोर ने परिजनों के साथ थाना कोतवाली में शिकायत की जिस पर पुलिस ने आरोपी मुस्तकिम मंसूरी, रंगीला खान, वारिश मंसूरी और फरदीन खान के विरुद्ध धारा 327, 323, 294, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरु की है।

# देसी गुटका पर कार्यवाही अब बनी चर्चा का विषय राजस्व पुलिस और खाद ने की थी संयुक्त रूप से करवाई

नौगांव

सिस्टम हो तो सबकुछ हो जाता है यह बात चरितार्थ साबित हो रही है क्योकि कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व, पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने एक खेत में बने मकान से अवैध देशी गुटखा की फैक्टरी पकड़ी थी लेकिन अभी तक कार्यवाही कोई नही। खाद्य विभाग यह कहकर अपना पल्ला झाड़ रहा है कि सैंपल लेने के लिये और पंचनामा के लिये मुझे वहां पर कोई नही मिला । इसलिये माल थाने में रखवा दिया गया था जो पुलिस के पास सुरक्षित है अब विभाग के द्वारा उस माल को विनिष्टीकरण के लिये पत्राचार होने लगा है। जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है ।



13 मई को ग्राम तिंदनी में रात के वक्त एसडीएम विशा माधवानी, तहसीलदार संदीप तिवारी, एसडीओपी चंचलेश मरकाम और खाद्य विभाग से वंदना जैन अपने अमले के साथ अवैध देशी गुटखा की फैक्टरी पर कार्यवाही करने के लिये ग्राम तिंदनी में खसरा नं 204 में अवैध गुटखा फैक्टरी पर कार्यवाही की गयी। यहां से दो बोरी पैकिंग मटेरियल, 13 बोरी कच्चा माल, दो पैकिंग मशीन, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बड़ा, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा छोटा और 42 पैकेट बना हुआ माल मिला। जो जप्त भी हुआ बताया जा रहा है कि यहां जो माल मिला था वहां पर बनाने वाला कोई व्यक्ति नही मिला लेकिन दो मोटर साईकिल भी यहां से जप्त हुई थी यहां के बाद एक अन्य फैक्टरी पर कार्यवाही हुई थी। गजब की बात तो यह है खाद्य विभाग के द्वारा अभी तक यहां मिले अवैध देशी गुटखा में बने माल ओर अर्ध निर्मित माल का कोई भी सैंपल नहीं लिया गया था। विभाग के द्वारा तुरंत ही इसके सैंपल लिये जाने चाहिए थे और अब खाद्य विभाग यहां मिले देशी गुटखा के साथ अन्य माल को विनिष्टीकरण करने के लिये पत्राचार कर रहा है। जिससे यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि किंग ब्रांड का जो गुटख मिला था उसका निर्माण कौन कर रहा है आखिर विभाग संबंधित व्यक्ति को क्यो बचा रहा है। यह चर्चा का विषय है क्योकि अगर जानकारी जुटायी जाये तो इसके खेत पर बने मकान में यह फैक्टरी पकड़ी गयी यह किसी की फैक्टरी थी यह तो खेत मालिक ही बता देता।

### इनका कहना है -

जो वहां पर निर्मित व अनिर्मित माल मशीन कांटा मिला था उससे संबंधित किसी भी व्यक्ति के द्वारा माल होने का दावा नही किया। सैंपल नही हो पाया इसलिये माल के विनिष्टीकरण के लिये पत्राचार किया गया है। क्योकि जब तक कोई व्यक्ति नहीं आयेगा तो सैंपल कैसे भरेगे। अन्य स्थानों पर कार्यवाही जारी है उनके सैंपल लिये गये।

**वंदना जैन**
खाद्य अधिकारी छतरपुर

### अगर पुलिस को कहे तो कार्यवाही हो जायेगी -

गुटखा खाद्य विभाग से संबंधित प्रकरण था इसलिये कार्यवाही उन्ही को करनी थी अगर वह पुलिस को अवगत कराये की संबंधित व्यक्ति अहि मिल रहा है तो पुलिस अपनी कार्यवाही करके आरोपी को तलाश लेती।

**नेहा सिंह गुर्जर**
उपनिरीक्षक थाना नौगांव

# पुलिस ने ग्राम बगौता में हत्या का प्रयास करने वाले 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**छतरपुर**। दिनांक 16 जून 2024 को ग्राम बगौता में कुछ लोग एकत्रित होकर पीड़ित को गंभीर चोटें पहुंचाते हुए हत्या के प्रयास की घटना को अंजाम दिया गया था। थाना सिविल लाइन में हत्या का प्रयास, बलवा सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे एवं पुलिस टीम द्वारा बलवा कर हत्या के प्रयास से संबंधित दो आरोपियों संदीप कुशवाहा उम्र 23 साल, राजेश कुशवाहा उम्र 28 साल निवासी लक्ष्मण कॉलोनी सटई रोड छतरपुर को गिरफ्तार कर लिया गया था। शेष आरोपियों की तलाश जारी थी। आज पुलिस टीम द्वारा घटना से संबंधित तीन आरोपी हरिश्चंद्र कुशवाहा पिता राजू कुशवाहा उम्र 22 साल, कमली बाई कुशवाहा पति राजू कुशवाहा उम्र 40 साल, पूजा कुशवाहा पति संदीप कुशवाहा उम्र 24 साल को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। उक्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। बलवा कर हत्या के प्रयास के प्रकरण के पांच आरोपी गिरफ्तार किया जा चुके हैं, अन्य संबंधित आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक बाल्मीक चौबे, उनि. धर्मेन्द्र राजपूत, प्रआर. नीलम घोष, राजीव मिश्रा, काजीरजीउद्दीन, राजू वर्मा, नीलम, आर. चन्द्रशेखर, युवराज सिंह, दिनेश मिश्रा, उपासना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वायरल वीडियो से संबंधित महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर**। विगत दिवस महिला के साथ एक व्यक्ति द्वारा मारपीट करने का वीडियो वायरल हुआ था। छतरपुर पुलिस के संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने संबंधित पुलिस अधिकारी को आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वायरल वीडियो की पड़ताल की गई। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत डाकखाना के पास पीड़िता महिला के साथ आरोपी रवि रैकवार उम्र 22 साल निवासी देरी रोड छतरपुर द्वारा मारपीट की गई थी। आरोपी के विरुद्ध गाली गलौज, मारपीट जैसी विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त आरोपी रवि रैकवार को शीघ्र ही गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा कहासुनी एवं मारपीट करना बताया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त त्वरित कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर, थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक वाल्मीकि चौबे व पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुलिस ने आरोपी धीरज पटना एवं गौरव दुबे को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत किया गिरफ्तार

### महिला सरपंच से की थी गाली-गलौच, आरोपी धीरज पर पहले से दर्ज हैं अपराध



**छतरपुर**। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी पिपट उप निरीक्षक वीरेंद्र रैकवार एवं पुलिस टीम ने ग्राम लखनगंवा में शांति व्यवस्था भंग कर क्षेत्र का माहौल खराब करने वाले दो आरोपियों धीरज पटना पिता मथुरा प्रसाद दुबे एवं गौरव दुबे पिता मथुरा प्रसाद दुबे निवासी ग्राम लखनगंवा को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त धीरज पटना एक आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध वर्ष 2009 से अभी तक मारपीट, गाली गलौच संबंधी 4 अपराध दर्ज हैं। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध 2 दिवस पहले महिला सरपंच को अपशब्द बोलने पर भारतीय दंड विधान एवं एससी एसटी एक्ट के तहत अपराध भी पंजीबद्ध किया गया था। दोनों अभियुक्तों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के तहत गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# नगर पालिका की लापरवाही आई सामने, लाखों रूपये खर्च करने के बाद भी स्थिति जस की तस

*मामला : जलभराव की समस्या से निबटने नपा ने लाखों रूपये की राशि खर्च करके सिविल अस्पताल, कोठी चौराहा,पोस्ट ऑफिस सहित आधा दर्जन पुलियों का निर्माण, पुलिया बनने के बाद स्थिति जस की तस*

नौगांव।



शहर के कोठी चौराहे से मैन बाजार के लिए अंदर जाने वाले मार्ग पर बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या को खत्म करने के लिए पिछले दिनों पुलिया का निर्माण कराया, लेकिन नगर पालिका के द्वारा लाखों रूपये की राशि खर्च करने के बाद बनाई गई पुलिया में जलभराव होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे एक बार फिर से नगर पालिका के द्वारा आम जनता की मेहनत की कमाई को ठिकाने लगाया गया है। इससे पहले भी नगर पालिका के द्वारा कोठी चौराहे से गर्ल्स स्कूल मार्ग, सिविल अस्पताल, पोस्ट ऑफिस चौराहा, बस स्टैंड पीपल चौराहे के पास भी जलभराव की स्थिति होने पर नगर पालिका के द्वारा लाखों रूपये की राशि से पुलिया का निर्माण कराया था, लेकिन पुलिया बनने के बाद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

नगर के कोठी चौराहे पर बारिश के मौसम में हो रही जलभराव की समस्या से निबटने के लिए नगर पालिका परिषद नौगांव ने पिछले दिनों लाखों रूपये की लागत से पुलिया का निर्माण कराया है, लेकिन लाखों रूपये की राशि ठिकाने लग गई लेकिन स्थानीय लोगों को हो रही समस्या से निजात नहीं मिल सकी, जिसके परिणामस्वरूप पुलिया बनने के बाद शनिवार की रात में हुई झमाझम बारिश के बाद कोठी चौराहे से गर्ल्स स्कूल वाले मार्ग पर फिर वही स्थिति निर्मित हो गई, पहले की तरह एक बार फिर से मार्ग पर एक फिट से दो फिट तक जलभराव हो गया। जलभराव होने से क्षेत्र के दुकानदार सहित रहवासियों को अच्छी खासी मशक्कत का सामना करना पड़ा। जलभराव होने से लोगों की अपनी दुकानें खोलने के लिए आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा तो वहीं स्थानीय रहवासियों को रोजमर्रा की वस्तुओं को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। शनिवार को रात के समय हुई बारिश के बाद जलभराव में एक वृद्ध महिला के असंतुलित होकर गिरने का विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे नगर पालिका के दावों की पोल खुल गई है, तो वहीं शहर के कई इलाकों में सीसी के ऊपर सीसी रोड डालने और नालों पर अतिक्रमण करने से नालों का पानी लोगों के घरों में घुसने के भी वीडियो और मामले सामने आए हैं, वार्ड नंबर 06 में पार्क के सामने वाले नाले में अतिक्रमण होने से नाले का पानी लोगों के घरों से होता हुआ सड़क पर जमा हो गया, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, तो वहीं निचली वस्ती एरिया में भी बारिश के पानी से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### बिना प्लानिंग एवं बिना मेजरमेंट के हुआ निर्माण कार्य -

नगर पालिका के द्वारा बनाई गई पुलिया का निर्माण होने के बाद भी जलभराव की स्थिति होने पर नगर पालिका की लापरवाही सामने आई है। नगर पालिका के द्वारा कराये गये निर्माण में बिना प्लानिंग एवं बिना मेजरमेंट के कार्य होने से यह स्थिति निर्मित हुई है, जिससे पुलिया बनने के बाद भी जलभराव हो रहा है,

### सिविल अस्पताल , पोस्ट ऑफिस चौराहा, बस स्टैंड पीपल चौराहे के पास भी पुलिया बनने के बाद भी जलभराव की स्थिति जस की तस -

नगर के सिविल अस्पताल,पोस्ट ऑफिस चौराहा, बस स्टैंड पीपल चौराहे, कोठी चौराहे से गर्ल्स स्कूल और कोठी चौराहे से मैन बाजार, हाई स्कूल के बगल वाली गली में भी बारिश के मौसम में हो रहे जलभराव की समस्या को देखते हुए नगर पालिका द्वारा पुलिया का निर्माण कराया गया था। लेकिन पुलिया का निर्माण होने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। लाखों रूपये की राशि खर्च होने के बाद भी जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिली है।

### इनका कहना है -

वार्ड नम्बर 13 के कोठी चौराहे के एरिया में नाली और पुलिया का निर्माण किया गया है, निर्माण कार्य पूरा होने के बाद नाला बड़े नाले से जोड़ने के बाद जलभराव की समस्या से निजात मिल जाएगी।

**आलोक जायसवाल**
उपयंत्री
नगर पालिका परिषद, नौगांव



# स्कूटी से नशीली दवाएं बेच रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

*मेडिकल सप्लायर की तलाश जारी, दर्ज हुआ मामला*

**छतरपुर**। जिले में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मंशा से पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है, जिसका पालन करते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है। सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध स्वापक औषधि और मन प्रभावित पदार्थ अधिनियम तथा मध्य प्रदेश ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इसके अलावा जिस मेडिकल सप्लायर से आरोपी ने नशीली दवाएं खरीदी थीं उसकी तलाश की जा रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे ने बताया कि विगत रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान सटई रोड पर एक संदेही द्वारा स्कूटी की डिग्गी में नशीली सामग्री छुपाकर बेचे जाने की सूचना मिली थी। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम ने सटई रोड की ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के पास हरे रंग की स्कूटी लिए खड़े संदेही से पूछताछ की और स्कूटी की डिग्गी खुलवाकर जांच की, जिसमें डिग्गी से कोडीन फास्फेट एंड ट्राई प्रोलीडीन हाइड्रोक्लोराइड सीरप की 9 सीसी, अल्प्राज़ोरम टेबलेट की 159 गोलियां, प्यीयोंन स्पेस प्लस के 8 कैप्सूल और मिसोफ़ेक्स टैबलेट की 7 किट बरामद हुईं। चूंकि आरोपी के पास प्रमाणित दस्तावेज नहीं थे इसलिए उसे तत्काल हिरासत में लिया गया। साक्ष्यों के अनुसार उक्त दवाओं का प्रयोग युवा नशे के लिए करते हैं और इसे अवैध रूप से बेचने के लिए लाया गया था। उक्त दवाओं के साथ-साथ आरोपी की स्कूटी को जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम गौरव सिंह चौहान निवासी सटई रोड बताया है। गौरव सिंह को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। गौरव द्वारा जिस मेडिकल सप्लायर से उक्त दवाएं खरीदी गईं थीं उसे भी पुलिस खोज रही है।

# बागेश्वर धाम पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

छतरपुर

दुनिया भर में आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हुए बागेश्वर धाम में भक्तों के आने का क्रम जारी है। यहां आने वाले आम और खास लोगों को बालाजी की कृपा प्राप्त हो रही है। बीती रात भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रखर वक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी बागेश्वर धाम पहुंचे जहां उन्होंने बालाजी का आशीर्वाद लिया। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बागेश्वर धाम की शक्तियों की महिमा के बारे में डॉ त्रिवेदी को बताया।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी शनिवार रात अपने परिवार के साथ बागेश्वर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री से भेंट की।



महाराज श्री ने डॉक्टर त्रिवेदी का आत्मीय स्वागत किया महाराज श्री प्रखर वक्ता को बालाजी के दर्शन करने ले गए उन्होंने बागेश्वर महादेव जी के दर्शन करा कर उनकी शक्ति के बारे में जानकारी दी। महाराज श्री ने डॉ त्रिवेदी को बताया कि गढा गोंड़ राजाओं के अधीन था। आसपास के कई गांव का यह गढ़ था इसलिए इसको गढा कहा गया है। महाराज श्री ने बालाजी के दर्शन कराने के बाद सन्यासी बाबा और दादा गुरुदेव के दर्शन करा कर प्रेतराज के वृक्ष के दर्शन कराते हुए बागेश्वर धाम की शक्तियों के बारे में जानकारी दी।

# थाने में बंद लोगों की चीख-पुकार का वीडियो आया सामने अहिरवार परिवार ने पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोप

**छतरपुर**। बीती शाम शहर के ओरछा रोड थाना में उस वक्त हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई जब शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे एक अहिरवार परिवार के सदस्यों को पुलिस ने कुछ समय के लिए थाने में बंद कर दिया। दरअसल पुलिस प्रशासन की टीम शनिवार की शाम नौगांव रोड पर स्थित सौंरा मौजा की एक जमीन का सीमांकन करवाने पहुंची थी जहां अहिरवार परिवार के लोग हंगामा करने लगे। काफी समझाइश के बाद भी जब वे नहीं माने तो पुलिस हंगामा करने वालों को गाड़ी बैठाकर थाने ले गई। इसके बाद उक्त लोगों ने थाने के भीतर जमकर चीख-पुकार मचाई और आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा उनके साथ मारपीट की गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सौंरा मौजा में स्थिति 440 आरे जमीन छतरपुर निवासी रामदयाल अहिरवार की है, जिसे रामदयाल ने करीब एक वर्ष पूर्व दीपेन्द्र चौरसिया निवासी छतरपुर को 59 लाख रुपए में बेचा था और जमीन की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। शनिवार की शाम करीब 5 बजे दीपेन्द्र चौरसिया, नायब तहसीलदार इंदू गौड़ और पटवारी को साथ लेकर जमीन का सीमांकन कराने गया था। प्रशासनिक अमले के साथ दो थानों की पुलिस भी मौके पर मौजूद थी। जैसे ही सीमांकन की कार्रवाई शुरु की गई वैसे ही रामदयाल अहिरवार के परिजन रमेश प्रसाद अहिरवार उम्र 44 वर्ष, कुंवर बाई, पुत्र विकास अहिरवार उम्र 15 वर्ष, कोमल अहिरवार उम्र 19 वर्ष और पुत्री दीपा अहिरवार उम्र 17 वर्ष ने हंगामा करना शुरु कर दिया। काफी समझाइश के बाद भी जब वे नहीं माने तो पुलिस सभी को गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई। इस मामले में जमीन बेचने वाले रामदयाल अहिरवार का कहना है कि उसके पुत्र तथा परिवार के अन्य सदस्य उसके साथ मारपीट करते थे, जिसके चलते उसने अपने हिस्से की जमीन दीपेंद्र चौरसिया को बेची थी।

### अहिरवार परिवार ने लगाए यह आरोप

अहिरवार परिवार की दीपा का आरोप है कि दीपेन्द्र चौरसिया द्वारा जबरन उसकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है, जब हमने विरोध किया तो पुलिस हमें गाड़ी में भरकर थाने ले गई और पूरे परिवार को कमरे में बंद कर पीटा गया। दीपा के मुताबिक जिस जमीन का सीमांकन किया जा रहा है उस जमीन का प्रकरण अभी न्यायालय में लंबित है, जब तक सुनवाई नहीं होती तब तक जमीन का क्रय-विक्रय अथवा सीमांकन किया जाना गलत है। दीपा ने यह भी आरोप लगाया है कि दीपेंद्र द्वारा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को पैसे देकर विधायक से सिफारिश लगवाई गई है, जिसके बाद जमीन का जबरन सीमांकन किया जा रहा है। दीपा के मुताबिक उक्त जमीन पर उसका परिवार पिछले 35 वर्षों से काबिज है और परिवार के भरण-पोषण एक मात्र स्त्रोत यह जमीन है।

### सीएसपी ने आरोपों को किया खारिज



छतरपुर सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि रामलाल अहिरवार निवासी सौंरा द्वारा दीपेंद्र चौरसिया को जमीन बेची गई थी, जिसमें रामलाल के पुत्र बबलू और तुलसी की सहमति थी, लेकिन जब दीपेंद्र चौरसिया जमीन का सीमांकन कराने गए तो रामलाल के परिजनों ने विरोध शुरु कर दिया और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। महिलाएं सड़क पर लेटकर विरोध कर रही थीं और खुद की जान को खतरे में डाल रही थीं, इसलिए उन्हें थाने ले जाया गया और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। अहिरवार परिवार द्वारा पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोपों पर सीएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि थाने में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, किसी के साथ भी मारपीट नहीं की गई है। हमारे पास महिलाओं के जमीन पर लेटने वाले वीडियो भी मौजूद हैं। वहीं इस मामले में जब नायब तहसीलदार से सवाल किए गए तो वे सवालों के जवाब देने से बचतीं नजर आईं।

खबर संक्षेप



## लायंस क्लब की सेवा भावना अनुकरणीय है : उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि लायंस क्लब की सेवा भावना अनुकरणीय है। जिससे प्रेरणा लेकर अन्य सामाजिक संगठन समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लायंस क्लब रीवा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। लायंस क्लब के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि लायंस क्लब का नाम लेते ही मन मस्तिष्क में संस्था की सेवा भावना की छवि आती है। इस क्लब का गौरवशाली इतिहास रहा है। कोविड काल के अतिरिक्त अन्य आपदा समय में क्लब ने पीड़ित मानवता की सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस संस्था की सेवा भाव ही आइकॉन है। श्री शुक्ल ने लायंस क्लब के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि रीवा एवं विंध्य को समृद्धशाली बनाने में सहभागी बने तथा नशे से युवा पीढ़ी को बचाने व इससे दूर रखने के लिए जागरूक करें। लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. यूबी सिंह सहित पदाधिकारियों ने शपथ ली। उप मुख्यमंत्री में नव निर्वाचित सदस्यों व पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपेक्षा की कि क्लब अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल होगा।

## बरहटा फीडर की बिजली वितरण व्यवस्था चरमराई

**मऊगंज।** विद्युत वितरण कंपनी मऊगंज अन्तर्गत बरहटा फीडर की बिद्युत आपूर्ति आये दिन आठ से दस घंटे बाधित रहती है गौरतलब है कि बरहटा फीडर में चालीस गांव जुडे है। इन गांवों के उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है।लेकिन यहां के विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी अपने दायित्व के प्रति उदासीन है। क्षेत्रीय जनों ने प्रदेश के उर्जामंत्री से हस्ताक्षेप कर बरहटा फीडर व अन्य सभी फीडर की बिद्युत आपूर्ति पूरी तरह बहाल कराये जाने हेतु उचित पहल करने की मांग की है। मांग करने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता व विधिवेत्ता शिव शंकर मिश्र बरहटा व किसान संघ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सेंगर रकरी जागीर व सामाजिक कार्यकर्ता व विधिवेत्ता डॉ भोलेंद पान्डे व सामाजिक कार्यकर्ता व विधिवेत्ता धीरेंद्र पांडेय व सामाजिक कार्यकर्ता व विधिवेत्ता कृष्णेंद्र तिवारी व सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार पाण्डेय व अन्य लोगो ने उर्जा मंत्री भोपाल से जिला मऊगंज अन्तर्गत बरहटा फीडर व अन्य फीडर की नियमित विद्युत आपूर्ति कराये जाने हेतु उचित पहल करने की विनम्र गुज़ारिश की है।

## उप मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ भाजपा नेता के घर पहुंचकर उनकी कुशल क्षेम पूछी

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कमलेश्वर सिंह जी के निवास पर पहुंचकर उनका बाई-पास सर्जरी के पश्चात कुशलक्षेम जाना एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पांडेय भी उपस्थित रहे।

## निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायें

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए सही वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में करायें। राजनिवास सर्किट हाउस में रीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान राजेन्द्र शुक्ल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां विद्युत का लोड अधिक है वहां आवश्यकतानुसार अतिरिक्त ट्रांसफर्मर लगायें तथा पुराने एवं जर्जर केबिल बदलवाये। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र के मैदानी अमले के पास पर्याप्त मेंटीनेंस की सामग्री उपलब्ध रहे ताकि जरूरत के समय वह सुधार का कार्य कर सके।

# चिरहुला तालाब में जलकुंभी समस्या के समाधान हेतु शहरवासियों ने किया श्रमदान

रीवा।

**शहर के वार्ड 43 में धार्मिक स्थल चिरहुला मंदिर स्थित चिरहुला तालाब में जलकुंभी की समस्या को लेकर जनसहभागिता से श्रमदान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से लेकर 150 लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।**





उन्होंने मिलजुल कर तालाब से जलकुंभी निकाली, जिससे तालाब को साफ रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस श्रमदान अभियान में स्थानीय निवासियों, समाजसेवियों जनप्रतिधियों और पर्यावरण प्रेमियों ने एकजुट होकर काम किया। उन्होंने तालाब में फैली जलकुंभी को निकालने के लिए मेहनत की और तालाब को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। यह प्रक्रिया सतत रूप से अपनाई जाएगी और नियमित रूप से श्रमदान का आयोजन होता रहेगा, जब तक तालाब पूरी तरह से साफ नहीं हो जाता। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे भी उपस्थित रहे। स्वच्छता श्रमदान कर जनसहभागिता से सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने की बात कही। आयुक्त ने तालाब की साफ-सफाई के महत्व को रेखांकित करते हुए रीवा वासियों से अपील की कि वे भी इस अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें। आयुक्त ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान थीम को नित अभ्यास में लाया जाएगा। जल स्त्रोतों के साफ-सफाई अभियान को स्थायी रूप से बनाए रखने के लिए एक सस्टेंबल मोड अपनाया जाएगा। इसके लिए एक कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार नियमित रूप से साफ-सफाई की जाएगी। इस अवसर पर निगम आयुक्त ने कहा, स्वच्छता सिर्फ एक दिन का काम नहीं है, यह एक सतत प्रक्रिया है। हमें मिलकर इसे अपनी आदत में शामिल करना होगा और अपने शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाना होगा। उन्होंने रीवा वासियों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करें और इस अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर में नगर निगम की टीम,एसडीईआरएफ टीम, सामाजिक संगठन, एसबीएम एवं आईईसी टीम, स्थानीय रहवासी द्वारा जनसहभागिता से श्रमदान किया गया।

# सरपंच के ससुर ने संभाल रखी है पंचायत की बागडोर





## मुरूम का करवा रहे अवैध उत्खनन -ग्रामीणों ने लगाया आरोप, खनिज संपदा का दोहन कर कर रहे बिक्री

रीवा

रायपुर कर्चुलियान जनपद में चल रही भर्रेशाही का असर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में दिखने लगा है। एक ओर जहां सरकार ने महिला सरपंचो के परिजनों द्वारा पंचायत कार्यो पर प्रतिबंध लगा रखा है वहीं दूसरी ओर महिला सरपंच के परिजन सरकार के नियमों को ताक पर रखकर पंचायत की बागडोर खुद संभाल रखी है। महिला सीट होने पर गांव के राजनीतिज्ञ या तो अपनी बहू को ढ़ाल बनाकर अपनी राजनीति करते है या फिर पत्नी या पुत्री को। और जब महिलायें चुनाव जीत जाती है तो उनको चूल्हे या बच्चों की पढ़ाई का काम सौंप कर पंचायत की बागडोर खुद ही हाथों में ले लेते है। ऐसा ही एक मामला रायपुर कर्चुलियान जनपद क्षेत्र के ग्राम पहडिया पंचायत से निकल कर सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत की बागडोर महिला सरपंच के सुसर सेनि. शिक्षक अशोक तिवारी ने संभाल रखी है और जनता द्वारा चुनी गई सरपंच मनीषा तिवारी रीवा शहर में रह कर अपने बच्चों की पढाई करवा रही। ग्रामीणो का कहना है कि ससुर गांव वालों की भविष्य से खिलवाड़ कर रहे और बहू पंचायत को बीच मझदार में छोडक़र अपने बच्चों का भविष्य संवार रही है। बताया कि गांव में लगभग 7 से 8 एकड़ ऐसी शासकीय भूमि है जहां से मुरूम का दोहन किया जाता है वहीं से लगा हुआ गौशाला भी है। आरोप है कि सरपंच के ससुर उक्त शासकीय भूमि से मुरूम निकलवा कर गांव एंव आसपास के गांवों में बेचते है। इस काम के लिए उन्होने अपने करीबी अजय दुबे को जि मेदारी सौंप रखी है। ग्रामीणों ने तो यहां तक बताया कि पंचायत चुनाव के दौरान अजय दुबे से सेनि. शिक्षक अशोक तिवारी की बहू मनीषा तिवारी को चुनाव जिताने के लिए मतदाताओं को मैनेज करने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी कर्ज अदायगी सरपंच के ससुर कर रहे है। अजय दुबे मुरूम का अवैध उत्खनन करने के लिए रवीकरण तिवारी की जेबीसी और डंफर लगा रखे है और प्रतिदिन उक्त शासकीय भूमि से 20 से 25 डंफर मुरूम का अवैध उत्खनन कर बिक्री कर रहे है। वहीं इस संबंध में जब सरपंच के ससुर सेनि. अशोक तिवारी से जानकारी चाही तो उन्होने बताया कि सरपंच रीवा में रह कर बच्चो की पढ़ाई करवा रही है। साथ ही बताया कि जिस आराजी से मुरूम के अवैध उत्खनन का आरोप है वो खदान नहीं तालाब है जिसका गहरीकरण किया जा रहा है। वहीं अपनी बातों पर उलझते हुए सरपंच के ससुर ने बताया कि गांव में कई सडक़ों का निर्माण कार्य हो रहा है जिसके लिए खदान से मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है और इसके लिए जनपद कार्यालय से स्वीकृत मिली है।



## केसरवानी वैश्य समाज के प्रतिभा सम्मान एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

**रीवा।** केसरवानी सभा जिला इकाई रीवा द्वारा समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने कहा कि केशरवानी समाज के भाईचारे की भावना प्रशंसनीय है। समाज के गरीब लोगों को पूरा सहयोग एवं मदद दिया जाता है जिससे उनका हौसला बढ़ता है। श्री शुक्ल ने समाज के विकास, सुरक्षा एवं सहयोग के लिए आश्वस्त किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में विंध्य व रीवा सबसे कम समय में उन्नति करने वाले क्षेत्र के तौर पर अपनी पहचान बनायेगा। रीवा से शहडोल मार्ग में पहाड़ में सुरंग बनाने के लिए सर्वे हेतु बजट का प्रावधान किया गया है। जिसके बन जाने से रीवा - शहडोल मार्ग की दूरी कम होगी। उप मुख्यमंत्री ने केशरवानी समाज के लोगों का आह्वान किया कि नशा मुक्त विंध्य बनाने में सहभागी बने तथा नशे की प्रवृत्ति से नई पीढ़ी को दूर रखने में अपनी भूमिका निभाएं और लोगों में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलायें। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन केशरवानी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने दिया। इस अवसर पर केशरवानी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी तथा केशरवानी समाज के रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, व्यौहारी के प्रतिनिधि व गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# मैं राजस्थान का हूं पर मध्य प्रदेश का बन गया हूंः डांड

रीवा

रीवा संभाग के कमिश्नर श्री गोपाल चंद्र डांड 33 वर्ष की शासकीय सेवा के बाद अधिवार्षिकी आयु पूरी कर सेवा निवृत्त हो गए। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में कमिश्नर श्री डांड को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कमिश्नर श्री डांड ने कहा कि मैं राजस्थान का रहने वाला हूं पर अब मैं मध्यप्रदेश का हो गया हूं। यहां 33 वर्ष की शासकीय सेवा में मुझे कई शानदार अनुभव हुए। कई बार कठिन परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ा। कोरोना कल में ऑक्सीजन की व्यवस्था करने और कोरोना पीड़ितों को उपचार की व्यवस्था करने में बड़ा कठिन श्रम करना पड़ा। उज्जैन में 2016 में आयोजित सिंहस्थ महाकुंभ में भी प्राकृतिक आपदा के रूप में बड़ी चुनौती आई जिसे हम लोगों ने सफलतापूर्वक सामना किया। मध्य प्रदेश में मुझे रतलाम जिले में तीन बार कार्य करने का अवसर मिला। रीवा में मेरी पदस्थापना बहुत कम समय के लिए हुई। लगभग 6 माह में से तीन माह का समय चुनाव के आचार संहिता में बीत गया। फिर भी मैंने शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए अपने स्तर से भरसक प्रयास किया। पूरे संभाग में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए। बड़े त्योहारों में भी शांति कायम रही। विंध्य के नागरिक बड़े जागरूक और तेज हैं। लेकिन कई बार छोटी-छोटी बातों को लेकर भी विवाद न्यायालय तक पहुंच जाता है। सब मिलकर और एक दूसरे से सहयोग करें तो कोई समस्या नहीं होगी ।

विदाई समारोह में पुलिस महा निरीक्षक महेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि अच्छा अधिकारी वही होता है जो अच्छा इंसान भी हो। श्री डांड एक सफल और कर्मठ अधिकारी होने के साथ-साथ बहुत ही सरल सहज इंसान है। आपकी पदस्थापना जहां भी रही अपने बहुत अच्छा कार्य किया। प्रशासनिक कठिनाइयां और दबावों का सरलता से सामना करके आपने जनहित के कार्य सफलतापूर्वक किये । समारोह में अपर कमिश्नर अरुण परमार ने कहा कि कमिश्नर सर की सरलता, व्यवहार और मार्गदर्शन से कई कार्य सफलतापूर्वक हो गए। आपने प्रशासन तनाव मुक्त तरीके से किया। कठिन से कठिन क्षणों में भी आपने बड़ी सहजता से निर्णय लेकर कार्य को अंजाम तक पहुंचाया । समारोह में डिप्टी कमिश्नर दयाशंकर सिंह, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉक्टर राहुल मिश्रा, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन पवन सिंह तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आर पी सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में सेवा निवृत्त कमिश्नर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में सभी संभागीय अधिकारी, कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का रोचक संचालन अवनीश शर्मा ने किया।

# वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाएं - उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने रौसर - कुठुलिया नवीन मार्ग के किनारे किया वृक्षारोपण

रीवा




उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाएं और इसमें सभी की सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग व गर्मी से निजात दिलाने में पेड़ों से प्राण वायु मिलती है। श्री शुक्ल ने रौसर- कुठुलिया नवीन मार्ग के किनारे पौधारोपण एवं प्लांट एडॉप्शन कैंपेन कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया। इस दौरान सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने भी पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अच्छी बात है कि नई सड़क के किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है। सड़कों के किनारे वृक्ष लगने से सड़क की खूबसूरती भी बढ़ती है और हरीतिमा भी आती है। उन्होंने कहा कि गांव में सड़कों के बन जाने से आर्थिक विकास तेजी से होने लगता है। ग्राम वासियों की जिम्मेदारी है कि वह पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा भी करें क्योंकि यह हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही जरूरी है। उन्होंने नवीन सड़क के शेष निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि पूर्व काल में सड़कों के किनारे फलदार एवं छायादार पौधों से छाया और फल मिलते थे। अब पेड़ हमें सांस लेने के माध्यम बन गए हैं, क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग व गर्मी बढ़ गई है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की ग्राम वासियों से अपेक्षा की। इस अवसर पर बताया गया कि वन विभाग द्वारा रीवा शहर को हरा भरा बनाने का उप मुख्यमंत्री जी का संकल्प पूरा करने के लिए 25 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। निपानिया से मुकुंदपुर मार्ग के किनारे भी वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यपालन यांत्रिक सेतु निर्माण वसीम खान ने रौसर - कुठुलिया मार्ग निर्माण कार्य जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में आभार वन मंडल अधिकारी अनुपम शर्मा ने व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष नगर निगम श्री वेंकटेश पांडे, सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवड़े, सरपंच रौसर श्रीमती कुशवाहा, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, कमल सिंह, गंगा यादव, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला सहित अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय मऊगंज में दीक्षांत समारोह कल

## कलेक्टर मऊगंज के मुख्य आतिथ्य में होंगे विशेष आयोजन

**मऊगंज।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षारंभ समारोह 1 जुलाई 2024 को (तीन दिवसीय) कलेक्टर मऊगंज के मुख्य आतिथ्य एवं एड. महेश चंद्र राल्ही अध्यक्ष जन भागीदारी समिति की अध्यक्षता तथा नीलम इंद्रपाल सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत मऊगंज एवं बृजवासी पटेल अध्यक्ष नगर परिषद मऊगंज के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित होना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार राय ने बताया कि दीक्षारंभ समारोह नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अभिप्रेरणा कार्यक्रम है। दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सिखाने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने तथा उन्हें व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। प्राचार्य ने सभी नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं एवं उनके पालकों, अभिभावकों, मऊगंज के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से शासकीय महाविद्यालय मऊगंज में पहुंचने की अपील की है।

